## संक्षिप्त

### रक्तदान कर बचाई महिला की जान

**करौली, (निसं)।** करौली के भारत हॉस्पिटल में भर्ती रोगी रिंकी 21 निवासी कोनेसा सरमथुरा ब्लड ग्रुप बी पॉजिटिव कि तबीयत बिगड़ जाने के कारण अस्पताल में एडमिट कराया तुरंत चिकित्सकों ने जांच कर बताया कि प्लेटलेट्स 20 हजार रह गई है ऐसी स्थिति में परिवार में कोई भी ब्लड देने वाला नहीं होने कि सूचना भीम आर्मी जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र गढ़ी को लगी वह तुरंत अपना काम छोड़ ब्लड बैंक पहुंचे जहां पर उन्होंने अपने जीवनकाल का 17वां स्वैच्छिक रक्तदान किया और पीड़ित महिला की जान बचाई। रक्त मिलने पर पीड़ित मरीज के परिजनों ने रक्तदाता व टीम का आभार जताया।

### निगरानी समिति की बैठक 30 को

**करौली, (निसं)।** संयुक्त निदेशक कृषि वीडी शर्मा ने बताया है कि जिले में कृषि विकास कार्यक्रमों के प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन हेतु जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सैना की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कृषि समिति, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अन्तर्गत जिला स्तरीय निगरानी समिति व जिला स्तरीय शिकायत निस्तारण समिति की बैठक 30 सितम्बर को प्रातः 11.30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जायेगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित होने के लिए निर्देशित किया।

### आश्रम की पट्टियां टूटकर गिरी

**भरतपुर, (निसं)।** भूरीसिंह व्यायामशाला स्थित साधु आश्रम के एक कमरे की 5 पट्टियां अचानक टूटकर गिर गई। बगल के कमरे में एक विद्यार्थी सो रहा था वह बच गया। यह घटना रात 12 बजे की है। व्यायामशाला के संचालक चुन्नी कप्तान ने बताया कि स्वर्ण जयंती नगर पार्क में जमा पानी की वजह से यह हादसा हुआ है। नगर विकास न्यास को कई बार इसके निकास हेतु लिखा है। परन्तु न्यास ने कोई ध्यान नहीं दिया है पार्क को गत 21 जुलाई को जिला कलेक्टर भी स्वयं देख गये थे, पार्क में मिटटी का भर्त व पानी निकालने की पाइप डालने थे।

### बैठक 30 को

**करौली, (निसं)।** जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक ने बताया कि जिला स्तर पर बाल संरक्षण के क्रम में गठित जिला बाल संरक्षण इकाई, एक युद्ध नशे के विरूद्ध की संयुक्त कार्य योजना लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम के तहत दर्ज पोक्सो प्रकरणों की समीक्षा हेतु त्रैमासिक बैठक का 30 सितम्बर को जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजन किया जायेगा।

# दुकानों के गोदामों से 2630 किलो फफूंद लगे लड्डू करवाये नष्ट

**सवाई माधोपुर, (निसं)।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा रणथंभौर दुर्ग स्थित त्रिनेत्र गणेश मंदिर परिसर में स्थित मिठाई की दुकान मालिकों के गोदामों पर सीएमएचओ डॉ. धर्मसिंह मीना के नेतृत्व मे कार्यवाही की गई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि विभाग के खाद्य सुरक्षा दल द्वारा गणेश मंदिर स्थित दुकानों के गोदामों पर कार्यवाही करते हुए 2630 किलो फफूंद लगे लड्डुओं को मौके पर ही नष्ट करवाया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी वीरेंद्र कुमार, वेद

**■ त्रिनेत्र गणेश मंदिर परिसर में मिठाई की दुकानों के गोदामों में चिकित्सा विभाग ने की कार्रवाई**

प्रकाश पुरविया, बाबू लाल तगाया ने 2630 किलो लड्डू नष्ट करवाये।

गणपति मिष्ठान्न भंडार से 200 किलो, शुभलाभ मिष्ठान्न भंडार 160, रवि गौत्तम मिष्ठान्न भंडार से 300 किलो, लक्ष्मी मिष्ठान्न भंडार से 540 किलो, रिद्धि सिद्धि गिरिराज मिष्ठान्न भंडार से 310 किलो, महेश गौत्तम मिष्ठान्न भण्डार 550 किलो, मदन गौत्तम मिष्ठान्न भण्डार से 290 किलो, रिद्धि सिद्धि कपिल गौत्तम मिष्ठान्न भण्डार से 280 किलो, कुल 2630 किलो लड्डुओं को मौके पर ही नष्ट करवा कर जमीन में दबाया गया।

गौरतलब है कि मंगलवार को भी विभागीय टीम द्वारा विभिन्न दुकानों से 800 किलो फफूंद लगे लड्डू नष्ट करवाये थे। उसी कार्यवाही को आगे बढाते हुए गुरुवार को भी कार्यवाही को अंजाम दिया गया।



सवाई माधोपुर में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने रणथंभौर दुर्ग स्थित त्रिनेत्र गणेश मंदिर परिसर में स्थित मिठाई की दुकानों पर कार्रवाई कर फफूंद लगे लड्डू नष्ट करवाये।

## राजकीय कॉलेज को अंबेडकर के नाम पर करने की मांग

**करौली, (निसं)।** डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह समिति अंबेडकर पार्क ने मुख्यमंत्री के नाम का जिला कलेक्टर को ज्ञापन पेश कर करौली के राजकीय महाविद्यालय का नाम डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम पर करने का ज्ञापन सौपा है।

समिति अध्यक्ष उदय सिंह जाटव,फूलचंद चैधरी,के एल मीना,कुंजी लाल मीणा,रघुनाथ मीना,गोरे लाल मीणा,राम खिलाड़ी मीना,राम गिलास जाटव,वीरपाल जाटव,अमृत लाल छावड़ा, नवल,अमित मुंशी लाल जाटव आदि लोगों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन पेश कर राजकीय महाविद्यालय का नाम भीमराव अंबेडकर के नाम पर करने कि मांग करते हुए बताया की राजकीय महाविद्यालय करौली जो कि से शिक्षा आधारित पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज है का नामकरण बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के नाम किया जाए उन्होंने बताया कि डॉ. अंबेडकर संविधान निर्माता एवं भारत रत्न से सम्मानित थे कॉलेज में उनकी प्रतिमा भी स्थापित है महाविद्यालय के नामकरण को लेकर पूर्व में भी कई बार मांग की जा चुकी है।

## सार-समाचार

### सरसों की उन्नत खेती का लिया प्रशिक्षण




**भरतपुर, (निसं)।** देश के उत्तरपूर्वी राज्यों विशेषकर उडीसा, आसाम एवं झारखण्ड की कृषि जलवायु एवं आर्थिक-सामाजिक परिस्थितियां राई-सरसों की खेती के अनुकूल है। इन क्षेत्रों में धान की खेती के बाद किसान खेतो को खाली रखते है। किसानों की जोत छोटी है और पानी की कमी है। इन परिस्थितियों में अन्य फसलों की अपेक्षा कृषि विवधिकरण के अन्तर्गत राई-सरसों की खेती ही किसानों के लिए लाभदायक है। क्योंकि यह फसल कम पानी एवं कम लागत में भी आर्थिक रूप से लाभदायक उत्पादन देनें में सक्षम है। यह बात सरसों अनुसंधान निदेषालय के निदेषक डॉ. पी. के. राय ने निदेषालय द्वारा 21 से 30 सितंबर तक आयोजित एक्सपोजर विजिट एवं किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुये कही।मुख्य जिला कृषि अधिकारी, सुंदरगढ, कृषि और किसान सशक्तिकरण विभाग, उडीसा सरकार द्वारा मेगा लिफ्ट सिंचाई परियोजना (सीडीपी-एमएलआईपी), क्लस्टर 5 में फसल विविधीकरण कार्यक्रम के तहत सुंदरगढ जिले के किसानों का एक्सपोजर विजिट एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम सरसों अनुसंधान निदेशालय, भरतपुर, में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का समन्वयन आईडियल डवलपमेंट एजेंसी द्वारा किया गया। प्रशिक्षण समन्वयक प्रधान वैज्ञानिक डॉ अशोक शर्मा ने बताया कि देश के कई राज्यों में कृषि विविधिकरण वर्तमान की आवश्यकता है। यदि उडीसा जैसे राज्यों में राई-सरसों की खेती को बढावा दिया जाये तो देश में खाद्य तेलों की उपलब्धता भी बढेगी और उपभोक्ताओं को कम कीमत पर स्थानीय स्तर पर ही सरसो का तेल मिलेगा। कार्यक्रम में 25 किसानों एव किसान महिलाओं तथा 2 अधिकारियों ने भाग लिया। सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। डॉ अशोक शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का संपूर्ण संचालन किया।

### एक से सात अक्टूबर तक मनाया जाएगा समाज कल्याण सप्ताह

करौली, (निसं)। जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सैना ने बताया कि 1 से 7 अक्टूबर तक जिले मे समाज कल्याण सप्ताह समारोह मनाया जाएगा जिसके अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला कलेक्टर ने बताया कि समाज कल्याण सप्ताह के अंतर्गत 1 अक्टूबर को अंतराष्ट्रीय वृद्ध जन दिवस, 2 अक्टूबर को ही अनुसूचित जातियों के कल्याण दिवस, 3 अक्टूबर को अपराधी सुधार दिवस, 4 अक्टूबर को बाल दिवस, 5 अक्टूबर को महिला एवं बालिका कल्याण दिवस, 6 अक्टूबर को जनचेतना दिवस एवं 7 अक्टूबर को विशेष योग्यजन कल्याण दिवस एवं समाज कल्याण सप्ताह का समापन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस संबंध मे उन्होने समस्त संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये है।

### चैक बाउंस मामले में जेल एवं जुर्माना लगाया

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या 2 नताशा चौधरी ने चेक अनादरित मामले में एक दोषी को डेढ वर्ष के साधारण कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही तीन लाख 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। अधिवक्ता मोहसीन खान ने बताया कि परिवादी और अभियुक्त के बीच अच्छे पारिवारिक संबंध हैं। परिवादी ने अभियुक्त को उसकी घरेलू जरूरतों को पूरा करने के लिए 3 फरवरी 2016 को 2 लाख रुपए लिए। इसके बदले अभियुक्त ने परिवादी को एक चेक पंजाब नेशनल बैंक शाखा वजीरपुर का स्वंय के हस्ताक्षर के साथ दिया। अ?भियुक्त द्वारा परिवादी को 6 माह के अंदर या उसके बाद कभी भी चेक उसके खाते में लगाकर रकम देने का आश्वासन दिया। परिवादी ने 4 अगस्त 2016 को अभियुक्त द्वारा दिए गए चेक अनादरित करते हुए 8 अगस्त 2016 को अभियुक्त द्वारा दिए गए चेक को बैंक में लगाया, लेकिन चेक अपर्याप्त निधि की टिप्पणी के साथ अनादरित होने के बाद पंजीकृत डाक से विधिक नोटिस अभियुक्त को भेजा। अभियुक्त ने परिवादी को चेक की राशि का भुगतान नहीं किया। परिवादी के अधिवक्ता ने बताया कि इस पर न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या 2 ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अभियुक्त जीतेन्द्र जैन उर्फ जिन्ने को डेढ वर्ष का साधारण कारावास और तीन लाख 50 हजार रुपए से दंडित किया। प्रतिकर की राशि अदा नहीं करने की सूरत में अभियुक्त जितेन्द्र जैन 3 महीने की साधारण मूल सजा की समाप्ति पर पृथक से भुगतेगा।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आज

**करौली, (निसं)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सेशन न्यायाधीश करौली माधवी दिनकर के निर्देशन में आज शनिवार को करौली जिले के समस्त न्यायिक न्यायालयों,समस्त राजस्व न्यायालयों,जिला उपभोक्ता प्रतितोष आयोग करौली एवं श्रम विभाग करौली में सभी प्रकृति के लंबित व प्री-लिटिगेशन विवादों से संबंधित एक दिवसीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन ऑफलाईन के साथ-साथ ऑनलाईन माध्यम से किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधीकरण के सचिव ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु करौली जिले में कुल 11 बैंचों का गठन किया गया है। जिनमें करौली मुख्यालय पर 4,सपोटरा मुख्यालय पर 1,नादौती मुख्यालय पर 1. एवं तालुका मुख्यालय हिण्डौनसिटी पर 2, श्रीमहावीरजी पर 1 तथा टोडाभीम पर 2 लोक अदालत बैंच का गठन किया गया है। लोक अदालत बैंचों द्वारा पक्षकारान के मध्य समझौता वार्ता कर प्रकरणों का राजीनामा के आधार पर निस्तारण किया जावेगा। उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु सम्पूर्ण करौली जिले में न्यायालयों में लम्बित प्रकरणों में से 4304 प्रकरण चिन्हित किये गये है तथा विभिन्न बैंको एवं वित्तीय संस्थाओं से प्राप्त प्रलिटिगेशन के 9454 प्रकरण इस प्रकार कुल 13758 प्रकरण लोक अदालत हेतु चिन्हित किये गये है।यह राष्ट्रीय लोक अदालत किसी विषय विशेष के प्रकरणों के लिए सीमित न होकर सभी प्रकार के उपयुक्त प्रकरणों के लिए आयोजित की जावेगी।

### राष्ट्रीय लोक अदालत आज

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर के निर्देशानुसार तालुका विधिक सेवा समिति गंगापुर सिटी के तत्वाधान में आज शनिवार को वर्ष की तृतीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। तालुका सचिव ने बताया कि लोक अदालत में आपसी सहमति से प्रकरणों के निस्तारण के लिए तालुका गंगापुर सिटी में कुल 2 बेंचों का गठन किया गया है। राष्ट्ीय लोक अदालत में प्रथम बेंच में अध्यक्ष के रूप में रेशमा खान, अपर जिला एवं सेशन न्यायधीश संख्या 2, गंगापुरसिटी व सदस्य के रुप में अधिवक्ता माया जैन उपस्थित रहेंगी। द्वितीय बेंच की अध्यक्षता मनीषा कुमारी न्याय अधिकारी ग्राम न्यायालय गंगापुर सिटी द्वारा की जाएगी जिसमें सदस्य के रूप में बृजेंद्र मीणा उप जिला कलेक्टर गंगापुर सिटी उपस्थित रहेंगे। लोक अदालत विवादों को निपटाने का वैकल्पिक साधन है जहां विवादों का आपसी सहमति से निपटारा किया जाता है। यह कम समय में विवादों को निपटाने के लिए आसान और अनौपचारिक प्रक्रिया है। लोक अदालत में न्यायालय में लंबित प्रकरणों, राजस्व प्रकरणों तथा प्रिलिटोगेशन प्रकरणों का निस्तारण किया जाएगा।

### विद्यार्थियों को कैंसर के बारे में जानकारी दी

**भरतपुर, (निसं)।** लायंस क्लब भरतपुर सेंचुरी के द्वारा बचपन कैंसर जागरूकता अभियान के अंतर्गत सेंट्रल एकेडमी स्कूल रणजीत नगर एवं बाबा सुग्रीव सीनियर सेकंडरी विद्यालय के 500 विद्यार्थियों को कैंसर से कैसे बचाएं इस विषय पर जानकारी दी गई। चार्टर्ड प्रेसिडेंट लायन श्रीनाथ शर्मा ने बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि बच्चों में कैंसर प्राय दुर्लभ है लेकिन इलाज के योग्य भी है जरूरी है कि समय पर इसका पता लग जाए। इसके लिए बहुत जागरूकता जरूरी है। बच्चों में होने वाले कैंसर में सबसे आम ल्यूकेमिया लिफामाऔर मस्तिष्क, पेट में ट्यूमर है। इनमें से कोई भी लक्षण दिखने पर बच्चों में कैंसर की आशंका होती है। बाबा सुग्रीव विद्यापीठ की प्रिंसिपल व लायंस क्लब भरतपुर सेंचुरी की अध्यक्ष डॉ रंजना तिवारी ने कहा कि शरीर के किसी भी भाग पर लिफाडेनोपैथी का लक्षण देखे। जिनके कारण स्पष्ट नहीं हो पा रहा हो और एंटीबायोटिक देने पर भी दो हफ्ते बाद भी बेअसर रहे तो तुरंत जांच करवानी चाहिए।

# अग्रसेन मेला में सांस्कृतिक प्रोग्राम के साथ भामाशाहों का किया सम्मान

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** अग्रसेन जयंती महोत्सव के तहत अग्रवाल समाज समिति के तत्वाधान में पुरानी अनाज मंडी प्रांगण में दो दिवसीय अग्रसेन मेले में अग्रवाल समाज के लोगों में सांस्कृतिक प्रोग्राम का जमकर आनंद लिया। दो दिवसीय अग्रसेन मेले में गुरुवार रात्रि 7 बजे से सांस्कृतिक प्रोग्राम व भामाशाह सम्मान का आयोजन समारोह पूर्वक किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि कृष्ण कुमार मित्तल नंदीका डेयरी व अध्यक्षता नगर

**■ ऐसे कार्यक्रमों से समाज में बढ़ता है भाईचारा : गिर्राज प्रसाद गुप्ता**

परिषद सभापति शिवरतन अग्रवाल ने की। विशिष्ट अतिथि भानु कुमार एडवोकेट, अरविंद एडवोकेट, सत्यनारायण बंसल, गिर्राज गुप्ता जीरोता वाले, रूपचंद तलवाडा, ओम प्रकाश गुप्ता, घनश्याम गुप्ता, गोविंद गुप्ता, एवं गिरिराज गुप्ता रहे।

अतिथियों द्वारा अग्रवाल विधवा महिला सहायतार्थ दान देने वाले भामाशाहों का सम्मान किया गया। समारोह में समाज समिति अध्यक्ष घनश्याम दास बजाज, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेश चंद्र गुट्टा, प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र गर्ग, कर्मचारी विकास समिति अध्यक्ष राधा मोहन गोयल, प्रेमचंद तलवाडा, महामंत्री मंगती लाल, मेला संयोजक वासुदेव बंसल, जिला महामंत्री गोविंद प्रसाद, मिर्जापुर समाज अध्यक्ष चंद्रभान स्वास्तिक, उदेई मोड समाज अध्यक्ष पंकज मंगलम, अग्रवाल शिक्षण संस्थान अध्यक्ष गिरिराज प्रसाद अग्रवाल, युवा संगठन अध्यक्ष दीपक पाटोली, प्रचार मंत्री वेद प्रकाश मंगल, मनोहर गुप्ता, सुरेश चंद, कैलाश चंद, जितेंद्र बुक्सेलर, महेश सर्वेयर, नरेश गोपाल लाल, बालकृष्ण, संजय आर्य, दिनेश, अशोक मंगल, गोपाल बैराडा, वीरेंद्र आर्य, रेखा गर्ग, सरोज गर्ग, रेनू गर्ग, निशा गोयल, रजनी सिंघल, मंजू मंगलम सहित अग्रवाल समाज समिति के कार्यकर्ता एवं मेला कमेटी के सभी पदाधिकारीयों द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। अतिथियों द्वारा कुलदेवी मां लक्ष्मी महाराजा अग्रसेन चित्रपट पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। सांस्कृतिक प्रोग्राम शिवानी गुप्ता, कीर्ति गुप्ता, सुरभि गुप्ता द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना के साथ प्रारंभ हुआ।

रंगारंग कार्यक्रम के तहत नाटक मंचन में आज की परवरिश पर अंजलि एण्ड ग्रुप द्वारा प्रस्तुति दी गई। युगल नृत्य में सोना एण्ड ग्रुप द्वारा, एकल नृत्य में उन्नति सिंघल द्वारा पैरोडी कार्यक्रम दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमो के मध्य में मेले में लगी स्टालों पर चाट, पानी पुरी, पि जा ,स्पेशल रोटी,मिठाइयां, कॉफी आदि का समाज के लोगों ने जमकर लुफ्त उठाया।

इसी क्रम में एकल नृत्य में अग्रसेन महाराज की गाथा पर रेनू गुप्ता ने प्रस्तुति दी। महिला तहसील मंडल द्वारा रंग रंगीलो राजस्थान नृत्य, सामूहिक नृत्य में मुरली मनोहर ग्रुप द्वारा भगत के वस में है भगवान... की प्रस्तुति देकर पंडाल में उपस्थित दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। इस मौके पर अतिथियों द्वारा अपने उद्बोधन में मेला संयोजन मंडल एवं समाज के पदाधिकारीयों की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए कहा की इस तरह के प्रोग्राम से समाज में एकजुट के साथ समाज की प्रतिभाओं को मंच मिलता है। इस प्रकार के कार्यक्रम समय-समय पर किए जाने चाहिए तथा मेले की व्यवस्थाओं पर प्रसन्नता जताई। मंच संचालन नवीन मित्तल द्वारा किया गया। इस मौके पर मेला पंडाल में ओम प्रकाश सरमथुरा, दीनदयाल बैंक वाले, अरविंद पत्रकार, मदन मोहन अभिकर्ता, शंभू दयाल इनायती सहित समाज के सैकडो गणमान्य महिला पुरुष मौजूद रहे।




अग्रसेन जयन्ती महोत्सव के तहत आयोजित मेले में मंचासिन अतिथी एंव सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देती समाज की प्रतिभा।

# अग्रवाल समाज ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा, किया भट्टी पूजन

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** अग्रवाल समाज सेवा समिति उदेई मोड द्वारा रविवार को आयोजित सहभोज कार्यक्रम नवीन अनाज मंडी में किया जा रहा है जिसकी व्यवस्थाएं समाज के लोगों के द्वारा की जा रही है। प्रचार मंत्री राजेश महोली ने बताया कि अग्रसेन जयंती महोत्सव के पावन पर्व पर अग्रवाल समाज सेवा समिति उदेई मोड द्वारा अग्रसेन प्रसादी सहभोज कार्यक्रम का आयोजन 29 सितंबर रविवार को नवीन अनाज मंडी परिसर गंगापुर सिटी में मेला संयोजक मदन मोहन गोठरा के संयोजन में किया जा रहा है। शुक्रवार को प्रातः समाज के सभी प्रमुख लोग मंडी पहुंचे और व्यवस्थाओं का जायजा लिया तत्पश्चात गणेश पूजन करके हलवाई द्वारा भट्टी का पूजन किया गया और अग्रसेन प्रसादी बनाने के कार्यक्रम की शुरुआत की गई। अग्रसेन प्रसादी रविवार को प्रातः 11 बजे से रखी गई है जिसमें समस्त गंगापुर सिटी परिक्षेत्र एवम् जिला करौली सवाई माधोपुर के समाज बंधु एवं सभी इकाइयां आमंत्रित किया गया है। 28 सितंबर को युवा मंडल द्वारा क्विज कंपटीशन का आयोजन किया जाएगा। इसके पश्चात अग्रसेन जयंती महोत्सव के कार्यक्रमों का आगाज होगा। 1 अक्टूबर 2024 मंगलवार को हेल्थ चेकअप एवं साइकिल मोटरसाइकिल धीमी दौड प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। महिला मंडल द्वारा मेहंदी प्रतियोगिता, बनी ठनी प्रतियोगिता एवं कैटवॉक का आयोजन किया जाएगा। इसी संदर्भ में 2 अक्टूबर को युवा वर्ग द्वारा कुर्सी दौड, फैंसी ड्रेस, कपल प्रतियोगिता एवं महिला मंडल द्वारा महिला संगीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। 3 अक्टूबर गुरुवार को प्रभात फेरी के पश्चात झण्डा रोहन कार्यक्रम होगा। विशाल शोभायात्रा का आयोजन रविंद्र सिंघल मनोज डीजे वाले के नेतृत्व में नवीन अनाज मंडी से प्रारंभ होगा। अग्रवाल समाज उदेई मोड अध्यक्ष पंकज मंगलम ने बताया कि अग्रसेन प्रसादी प्रातः 11 बजे से शुरू होकर शाम तक चलेगी एवं सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से मंडी परिषर एवं प्रवेश द्वार पर सीसीटीवी कैमरे की मदद से नजर रखी जाएगी।

## तम्बाकू विक्रेताओं को शीघ्र लाइसेन्स देने को कहा

**भरतपुर, (निसं)।** टोबेको फ्री यूथ कैम्पेन 2 की शुरूआत गुरूवार को कलेक्टर सभागार में की गई। जिला कलेक्टर सभागार में तम्बाकू नियन्त्रण समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में चिकित्सा विभाग, शिक्षा विभाग, पुलिस विभाग, खाद्य सुरक्षा एवं विभिन्न स्वयं सेवी संगठनों ने भाग लिया। बैठक में कलेक्टर अमित यादव ने तम्बाकू उत्पाद रखने वाले सरस डेयरी बूथों के लाईसेन्स रद्द करने के निर्देश दियें इसके साथ ही कलेक्टर ने नगर निगम द्वारा तम्बाकू विक्रेताओं को लाईसेन्स देने की प्रक्रिया शीघ्रातिशीघ्र शुरू करने के लिये कहा।

# चोरों ने तीन मकानों में दिया चोरी की वारदात को अंजाम

**करौली, (निसं)।** करौली के निकट लांगरा थाना इलाके के सांकरा गांव में चोरों ने एक ही रात में तीन घरों के ताले तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने घरों से लाखों रुपए का सामान और रुपए चोरी कर लिए। सूचना पर पहुंची लांगरा थाना पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया और मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

लांगरा थाना अधिकारी वासुदेव बसवाल ने बताया कि धर्मो पत्नी हरि सिंह, बृजमोहन पुत्र बाबूलाल और रमेश पुत्र टुनटुन निवासी सांकरा ने अपने घरों में आधी रात को दीवार में सेंध मारकर और ताला खोलकर चोरी होने सूचना दी। एफआईआर में बताया कि आधी रात को चोर घर कि दीवार में सेंध लगाकर घुसे और अलमारी और कमरों के ताले तोड़कर सोने चांदी के गहने, रुपए और अन्य सामान को चोरी करके ले गए। एफआईआर में रमेश माली ने बताया कि उसके घर में अलमारी और बक्शे का ताला तोड़कर दोनों पुत्र वधुओं की एक-एक जोड़ी नथ, मांग टीका,दो पत्री,चांदी की कोंदनी,चांदी की दो जोड़ी सांठ,दो नाक के सोने के कांटे और 55 हजार 700 रुपए की नकदी चोरी करके ले गए। बृजमोहन पुत्र बाबूलाल माली ने बताया कि मकान से रात को दो चांदी की कोंदनी, एक चांदी का चूड़ा,एक चांदी का सटका,एक सोने की पत्री आदि सामान को दीवार तोड़कर चोर चुरा कर ले गए।

# करौली में चोरों का आतंक, सरकारी अधिकारियों के आवासों के ताले तोड़े

**करौली, (निसं)।** करौली जिला मुख्यालय स्थित विभिन्न विभागों के सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों के आवासों पर चोरों ने धमा चैकड़ी मचाते हुए चोरी कि घटना को अंजाम दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार करौली पंचायत समिति परिसर स्थित विकास अधिकारी,जिला प्रमुख आवास एवं एक अन्य विभाग में कार्यरत महिला कर्मचारी के आवास पर चोरों ने चोरी कि घटना को अंजाम दिया जानकारी के अनुसार करौली पंचायत समिति के विकास अधिकारी का पंचायत समिति परिसर में ही आवास है जहां चोरों ने आवास का ताला तोड़ने का प्रयास किया मगर सफल नहीं हो पाए इसके अलावा चोरों ने एक अन्य विभाग में कार्यरत दो महिला कर्मचारी जो एक साथ रहती थी के आवास का ताला तोड़कर अलमारी में रखे बैग से सोने चांदी के आभूषण एवं 7हजार रुपये कि नगदी को चुरा कर ले गए महिला कर्मचारी लता और लक्ष्मी ने बताया कि वह लंच में खाना खाने के बाद कार्यालय चली गई। इसके बाद दोपहर के समय चोरों ने चोरी कि वारदात को अंजाम दिया वहीं करौली जिला प्रमुख के पंचायत समिति स्थित आवास पर चोरों ने ताला तोड़कर उसमें रखे 10हजार रुपये नगद एवं अन्य सामान को चुरा कर ले गए यही नहीं समीप ही जल संसाधन विभाग के अधीक्षण अभियंता सुशील गुप्ता के आवास से भी चोरों ने ताला तोड़कर 20हजार रुपये कि नगदी एवं इलेक्ट्रॉनिक उपकरण सहित अन्य सामान को चुरा कर ले गए एवं एक कंप्यूटर ऑपरेटर के घर का भी ताला तोड़ा गया है देखने लायक यह है की घनी आबादी क्षेत्र में बने इन अधिकारियों के आवासों में चोरी की घटनाओं से सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं इन दिनों शहर में भी कई चोरी की घटनाओ से लोग डरे हुए हैं और अपनी सुरक्षा को लेकर लोग चिंतित नजर आ रहे हैं हालांकि मामला पुलिस तक पहुंच गया है।



करौली पंचायत समिति परिसर के एक सरकारी आवास मे चोरी के बाद बिखरा पड़ा सामान।

**■ जिला प्रमुख, अधिाषी अभियंता, विकास अधिकारी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी के सरकारी आवासों को चोरों ने बनाया निशाना**

## स्काउटिंग को प्रकृति प्रेमी होना चाहिए : आलोक शर्मा

**भरतपुर, (निसं)।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट एंड गाइड मंडल मुख्यालय भरतपुर के तत्वाधान में आयोजित सात दिवसीय स्काउट मास्टर व कब मास्टर बेसिक कोर्स के चतुर्थ दिवस में सहायक स्टेट कमिश्नर आलोक शर्मा, प्रदीप कुमार ने शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान सभी संभागियों को स्काउट वर्दी में देख इसकी मर्यादा के बारे में बताया साथ ही विश्वसनीयता वफादारी व अनुशासन में होने से व्यक्ति का सर्वांगिक विकास होता है। प्रदीप कुमार ने ग्रुप पंजीकरण व नियुक्ति पत्र की जानकारी दी तथा अधिकाधिक बच्चों को राष्ट्रपति अवार्ड की ओर बढाने पर जोर दिया। मुख्य अतिथि आलोक शर्मा ने स्काउटिंग में कैंप फायर के महत्व के बारे में तथा भरपूर जिले के ऐतिहासिक स्थलों के बारे में जानकारी पर जोर दिया तथा इस स्काउटिंग को प्रकृति प्रेमी होना चाहिए। साथ ही पर्यावरण के प्रति योगदान देना चाहिए। अंत में सीओ स्काउट देवेंद्र कुमार मीणा ने अतिथियों का आभार प्रकट किया।